भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1084

जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 29 जुलाई, 2024, 7 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

जीएसटी का संग्रहण

1084. श्री सचिदानन्दद्म आर:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि पिछले छह महीनों के दौरान जीएसटी संग्रहण में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत छह महीनों के दौरान जीएसटी के रूप में कितनी राशि एकत्र की गई और तमिलनाडु को संवितरित की गई तथा अन्य राज्यों की तुलना में इसका प्रतिशत कितना है,
(ग) क्या उपरोक्त के मद्देनजर सरकार की जीएसटी की समीक्षा करने की कोई योजना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): जी, हां। जनवरी, 2024 से जून, 2024 तक पिछले छह महीनों के दौरान जीएसटी की वृद्धि का विवरण नीचे दिया गया है: -

माह	राशि (करोड़ रु. में)	माह	राशि (करोड़ रु. में)	वृद्धि दर
जनवरी-23	1,57,554	जनवरी-24	1,74,106	10.5%
फरवरी-23	1,49,577	फरवरी-24	1,68,337	12.5%
मार्च-23	1,60,122	मार्च-24	1,78,484	11.5%
अप्रैल-23	1,87,035	अप्रैल-24	2,10,267	12.4%
मई-23	1,57,090	मई-24	1,72,739	10.0%
जून-23	1,61,497	जून-24	1,73,813	7.6%

जनवरी, 2024 से जून, 2024 तक तमिलनाडु राज्य के लिए जीएसटी संग्रह और अन्य राज्यों के संबंध में इस राज्य का प्रतिशत हिस्सा **अनुबंध- I** के अनुसार दिया गया है। इसके अलावा, एसजीएसटी सीधे राज्यों द्वारा एकत्र किया जाता है। आईजीएसटी (घरेलू + आयात) केंद्र द्वारा एकत्र किया जाता है और राज्यों को संवितरित किया जाता है। आईजीएसटी में तमिलनाडु राज्य के हिस्से का विवरण नीचे दिया गया है:-

माह	तमिलनाडु राज्य का आईजीएसटी में हिस्सा (घरेलू + आयात) (करोड़ रुपए में)	सभी राज्यों के कुल के शेयर का प्रतिशत (%)
जनवरी-24	2,279	6.12%
फरवरी-24	1,971	5.48%
मार्च-24	2,872	7.62%
अप्रैल-24	2,593	6.23%
मई-24	2,484	7.59%
जून-24	2,160	6.44%
कुल	**14,359**	**6.56%**

(ग) और (घ): जी, नहीं।

*****

अनुबंध- I

माह	घरेलू लेनदेन पर जीएसटी संग्रहण (करोड़ रुपए में)					सभी राज्यों के कुल के शेयर का प्रतिशत (%)
	सीजीएसटी	एसजीएसटी	आईजीएसटी	उपकर	कुल	
जनवरी-24	2,495	3,298	3,165	649	9,606	7.18%
फरवरी-24	2,543	3,397	3,098	675	9,713	7.54%
मार्च-24	2,875	4,058	3,302	781	11,017	8.03%
अप्रैल-24	3,193	4,066	4,158	792	12,210	7.12%
मई-24	2,737	3,530	2,762	739	9,768	7.41%
जून-24	2,675	3,573	3,246	725	10,218	7.69%
कुल	**16,519**	**21,922**	**19,731**	**4,360**	**62,531**	**7.48%**